दैनिक जागरण 29/09/2023

आडियो और वीडियो एडिटिंग पर कार्यशाला आयोजित

अंबाला : वीरवार को गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में जनसंचार विभाग एवं समाजशास्त्र विभाग के द्वारा आडियो-वीडियो एवं प्रोडक्शन तकनीक विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर संपादन एवं प्रोडक्शन के एक्सपर्ट अनिल कुमार यादव ने शिरकत की। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डा.. चंद्रपाल पूनिया, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डा. रचना खन्ना, सुषमा शर्मा की देखरेख में यह आयोजन हुआ। अनिल कुमार यादव ने कहा कि मीडिया और संपादन के क्षेत्र में काम करने वाले छात्रों के लिए यह कार्यशाला एक महत्वपूर्ण मंच है जहां हम नवाचारिक तकनीक के बारे में सिखाएंगे और विद्यार्थियों को पेशेवर तौर पर कुशल बनाएंगे ताकि वह मीडिया और संपादन के क्षेत्र में सफल करियर का निर्माण कर सके।

जीएमएन कालेज में कार्यशाला में विद्यार्थियों को संबोधित करता वक्ता। ● सौजन्य विज्ञप्ति